Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to upgrade Kameshwar Singh Sanskrit University, Darbhanga, Bihar to a Central University-laid.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): दरभंगा में स्थित मिथिला संस्कृत शोध संस्थान जिसका शिलान्यास देश के प्रथम राष्ट्रपति डा० राजेंद्र प्रसाद जी के कर कमलों से 21 नवम्बर 1951 ई० को हुआ था तथा संस्कृत विधा के विभिन्न शाखाओं के अध्ययन-अध्यापन के साथ साथ इससे संबंधित उच्चस्तरीय अनुसंधान को प्रोत्साहित करना इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य था, किन्तु इसकी वर्तमान स्थिति अत्यन्त दयनीय है । इसकी स्थिति में सुधार तथा पुराने गौरव को पुनः स्थापित करने तथा कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा जो बिहार राज्य का एकमात्र संस्कृत विश्वविद्यालय हैं, को केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में परिणत करने की मांग माननीय मंत्री जी से करता हूं ।